फाईल सं. मु-गो1206/2/2024-गो-2 (कंप्यूटर सं-8509)
कर्मचारी चयन आयोग
गो-2 अनुभाग

वरिष्ठ सचिवालय सहायक/ प्रवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा, 2020, 2021 & 2022 : अभ्यर्थियों की उत्तर कुंजियों के साथ अभ्यर्थियों के उत्तर पत्रक (रिस्पॉन्स शीट) अपलोड करना

कर्मचारी चयन आयोग द्वारा वरिष्ठ सचिवालय सहायक/प्रवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा, 2020, 2021 & 2022 के पेपर-I के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा दिनांक 08.02.2024 को आयोजित की गई थी।

2. अभ्यर्थियों के उत्तर पत्रक (रिस्पॉन्स शीट) सहित अनंतिम उत्तर-कुंजियां नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी अपने परीक्षा-अनुक्रमांक और पासवर्ड का उपयोग करके नीचे दिए गए लिंक पर लॉगइन कर सकते हैं।

3. अनंतिम उत्तर-कुंजियों के संबंध में कोई भी अभ्यावेदन, यदि है, तो दिनांक 13.02.2024 (सायं 05:00 बजे) से 16.02.2024 (सायं 05:00 बजे) तक दावा किए गए प्रत्येक प्रश्न/उत्तर के लिए 100 रुपए का भुगतान कर ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। दिनांक 16.02.2024 (सायं 05:00 बजे) के बाद प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन पर किसी भी परिस्थिति में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

4. अभ्यर्थी नीचे दिए गए लिंक का उपयोग करके अपने उत्तर पत्रक (रिस्पॉन्स शीट) सहित अनंतिम उत्तर-कुंजियों का प्रिन्ट-आउट ले सकते हैं। अभ्यर्थियों के लिए यह सुविधा केवल दिनांक 13.02.2024 (सायं 05:00 बजे) से 16.02.2024 (सायं 05:00 बजे) तक उपलब्ध रहेगी।

अवर सचिव (गो-2)
दिनांक-13.02.2024

अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक, अनंतिम उत्तर-कुंजियां और अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का लिंक